संख्या- 01 /2022/2417/33-3-2021-119/2020

**प्रेषक,**

**मनोज कुमार सिंह,**
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

**समस्त जिलाधिकारी,**
उ0प्र0।

**पंचायती राज अनुभाग-3** लखनऊः दिनाँकः 06 जनवरी ~~दिसम्बर~~, 2022

**विषयः- ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम्य विकास अधिकारी) की तैनाती क्लस्टर के अनुरूप किए जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना है कि प्रदेश में कुल 58,189 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में सचिव का कार्यभार ग्राम पंचायत अधिकारी, जो पंचायतीराज विभाग के अधीन हैं तथा ग्राम्य विकास अधिकारी, जो ग्राम्य विकांस विभाग के अधीन हैं, को दिया जाता है। ग्राम पंचायत अधिकारी के कुल 8,135 पद सृजित हैं तथा ग्राम्य विकास अधिकारी के कुल 8,286 पद सृजित हैं। इस प्रकार कुल पदों की संख्या 16,421 होती है, इनमें कतिपय रिक्तियां हमेशा बनी रहती हैं।

2- वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत एक ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम्य विकास अधिकारी के पास औसतन 4 ग्राम पंचायतों का चार्ज/प्रभार होता है। शासन के संज्ञान में यह आया है कि एक ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम्य विकास अधिकारी को विकास खण्ड के अन्दर चार ऐसी पंचायतों में सचिव का प्रभार दिया जाता है जो एक कलस्टर में न होकर विकास खण्ड के अलग-अलग कलस्टरों में पड़ते हैं।

3- उपरोक्त व्यवस्था के कारण जहां एक ओर कार्य सम्पादित करने में प्रशासनिक कठिनाई उत्पन्न होती है, तो वहीं कार्य क्षेत्र के आवंटन में कोई समानता नहीं रहती है एवं कोई पारदर्शिता भी नहीं होती है। उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पंचायतीराज निदेशालय द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर (आर.ए.एस.ए.सी.), उत्तर प्रदेश, लखनऊ से कलस्टर तैयार कराया गया। जो ग्राम पंचायतें भौतिक रूप से एक साथ हैं, उन्हें एक कलस्टर में रखा गया है। प्रदेश के कुल 826 विकास खण्डों में अवस्थित 58,189 ग्राम पंचायतों को 15,720 क्लस्टर में रखा गया है। जनपदवार विकास खण्डों की संख्या एवं बनाए गए क्लस्टर्स की सूची संलग्नक-1 पर है।

4- क्लस्टर्स में जिला एल.जी.डी. कोड, विकास खण्ड कोड, क्लस्टर कोड, क्लस्टर का नाम, ग्राम पंचायत कोड, ग्राम पंचायत का नाम एवं ग्राम पंचायत के 2011 की जनसंख्या की सूचना के साथ रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर (आर.ए.एस.ए.सी.), उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा तैयार किया गया मैप भी मौजूद है। इसमें एक क्लस्टर के अन्तर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायतों की औसतन आबादी 12,500 पड़ रही है। रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर (आर.ए.एस.ए.सी.), उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा तैयार किए गए क्लस्टर को पंचायतीराज विभाग के समस्त उप निदेशक(पं0) के द्वारा पुष्टि की गई है।

5- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि एक ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम्य विकास अधिकारी को एक क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत के सचिव का प्रभार दिया जायेगा। यदि किसी ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम्य विकास अधिकारी को एक से अधिक क्लस्टर्स का चार्ज दिया जाता है तो अतिरिक्त क्लस्टर का चार्ज देते समय यह ध्यान में रखा जायेगा कि भौतिक रूप से साथ लगे क्लस्टर का चार्ज दिया जाय।

उपरोक्त क्लस्टर्स की सूचना पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट ***www.panchayatiraj.up.nic.in*** की लिंक पर उपलब्ध है।

<u>संलग्नकः-यथोक्त।</u>

भवदीय,

6.1.22

**( मनोज कुमार सिंह )**

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या व दिनांकः-तदैव।</u>

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4. निदेशक, पंचायतीराज/मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) उ0प्र0।
7. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**( अशोक कुमार राम )**

अनु सचिव।

संलग्नक-1

# ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम्य विकास अधिकारी) की तैनाती सम्बन्धी क्लस्टर

## (जनपद एवं विकासखण्ड वार)

| क्र0सं0 | जनपद | कुल विकास खण्ड | कुल ग्राम पंचायत | कुल क्लस्टर्स की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 15 | 690 | 264 |
| 2 | अलीगढ़ | 12 | 867 | 253 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 9 | 902 | 204 |
| 4 | अमेठी | 13 | 682 | 223 |
| 5 | अमरोहा | 6 | 597 | 108 |
| 6 | औरैया | 7 | 477 | 147 |
| 7 | अयोध्या | 11 | 794 | 240 |
| 8 | आजमगढ़ | 22 | 1858 | 392 |
| 9 | बागपत | 6 | 244 | 115 |
| 10 | बहराइच | 14 | 1045 | 277 |
| 11 | बलिया | 17 | 940 | 260 |
| 12 | बलरामपुर | 9 | 800 | 197 |
| 13 | बाँदा | 8 | 469 | 155 |
| 14 | बाराबंकी | 15 | 1161 | 268 |
| 15 | बरेली | 15 | 1193 | 294 |
| 16 | बस्ती | 14 | 1185 | 282 |
| 17 | भदोही | 6 | 546 | 130 |
| 18 | बिजनौर | 11 | 1123 | 258 |
| 19 | शाहजहांपुर | 15 | 1037 | 286 |
| 20 | बुलंदशहर | 16 | 946 | 267 |
| 21 | चंदौली | 9 | 734 | 206 |
| 22 | चित्रकूट | 5 | 331 | 91 |
| 23 | देवरिया | 16 | 1185 | 325 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | एटा | 8 | 575 | 151 |
| 25 | इटावा | 8 | 471 | 136 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 7 | 594 | 164 |
| 27 | फतेहपुर | 13 | 834 | 262 |
| 28 | फिरोजाबाद | 9 | 564 | 140 |
| 29 | गौतमबुद्ध नगर | 3 | 88 | 47 |
| 30 | गाज़ियाबाद | 4 | 161 | 65 |
| 31 | गाजीपुर | 16 | 1238 | 353 |
| 32 | गोण्डा | 16 | 1214 | 344 |
| 33 | गोरखपुर | 20 | 1294 | 273 |
| 34 | हमीरपुर | 7 | 330 | 108 |
| 35 | हापुड़ | 4 | 273 | 93 |
| 36 | हरदोई | 19 | 1306 | 377 |
| 37 | हाथरस | 7 | 463 | 128 |
| 38 | जालौन | 9 | 574 | 185 |
| 39 | जौनपुर | 21 | 1740 | 430 |
| 40 | झांसी | 8 | 496 | 144 |
| 41 | कन्नौज | 8 | 499 | 158 |
| 42 | कानपुर देहात | 10 | 618 | 154 |
| 43 | कानपुर नगर | 10 | 590 | 194 |
| 44 | कासगंज | 7 | 423 | 147 |
| 45 | कौशाम्बी | 8 | 451 | 172 |
| 46 | खीरी | 15 | 1165 | 312 |
| 47 | कुशीनगर | 14 | 1003 | 276 |
| 48 | ललितपुर | 6 | 415 | 108 |
| 49 | लखनऊ | 8 | 494 | 195 |
| 50 | महाराजगंज | 12 | 882 | 220 |
| 51 | महोबा | 4 | 273 | 88 |
| 52 | मैनपुरी | 9 | 549 | 133 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 53 | मथुरा | 10 | 504 | 138 |
| 54 | मऊ | 9 | 671 | 162 |
| 55 | मेरठ | 12 | 479 | 204 |
| 56 | मिर्जापुर | 12 | 809 | 207 |
| 57 | मुरादाबाद | 8 | 643 | 146 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 9 | 498 | 183 |
| 59 | पीलीभीत | 7 | 720 | 149 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 17 | 1193 | 329 |
| 61 | प्रयागराज | 23 | 1540 | 413 |
| 62 | रायबरेली | 18 | 988 | 309 |
| 63 | रामपुर | 6 | 680 | 150 |
| 64 | सहारनपुर | 11 | 884 | 230 |
| 65 | संभल | 8 | 670 | 155 |
| 66 | संतकबीर नगर | 9 | 754 | 171 |
| 67 | शाहजहांपुर | 15 | 1069 | 289 |
| 68 | शामली | 5 | 230 | 92 |
| 69 | श्रावस्ती | 5 | 397 | 100 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 14 | 1136 | 226 |
| 71 | सीतापुर | 19 | 1599 | 432 |
| 72 | सोनभद्र | 10 | 629 | 150 |
| 73 | सुल्तानपुर | 14 | 979 | 238 |
| 74 | उन्नाव | 16 | 1040 | 256 |
| 75 | वाराणसी | 8 | 694 | 192 |
| | महायोग | 826 | 58189 | 15720 |

(अशोक कुमार राम)
अनु सचिव।